<u>समाचार</u>

महापौर पहुंचे बनिया तालाब, किया स्थल निरीक्षण

(निगम द्वारा वार्ड क्र. 11 स्थित बनिया तालाब का किया जाना है जीर्णोद्धार, उन्नयन कार्य)

कोरबा 17 मई 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद आज कोरबा जोन के वार्ड क्र. 11 नई बस्ती स्थित बनिया तालाब पहुंचे तथा तालाब का निरीक्षण किया, उक्त तालाब के जीर्णोद्धार व उन्नयन का कार्य निगम द्वारा कराया जाना हैं। महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 11 नई बस्ती का भ्रमण भी किया, नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं पर चर्चा की एवं निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र के 04 विभिन्न तालाबों का उन्नयन, जीर्णोद्धार का कार्य वर्तमान में कराया जाना हैं, जिसमें वार्ड क्र. 33 एवं वार्ड क्र. 18 में उन्नयन कार्य प्रगति पर है, कोरबा जोन के वार्ड क्र. 11 नई बस्ती स्थित बनिया तालाब के उन्नयन का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाना हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बनिया तालाब पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया, इस अवसर पर उनके साथ मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, वार्ड पार्षद दिनेश सोनी एवं जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य भी उपस्थित थे। महापौर श्री प्रसाद ने तालाब का निरीक्षण करते हुए वहॉ की साफ–सफाई किए जाने व झाड़ियों को हटाने, के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि यह वार्ड क्र. 11 नई बस्ती का प्रमुख तालाब है, इस तालाब का जीर्णोद्धार व उन्नयन होने से बस्तीवासियों को निस्तारी हेतु सुविधा प्राप्त हो जाएगी, उन्होने वार्ड क्र. 11 नई बस्ती का पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ के नागरिकों से भेंट की, उनसे उनकी समस्याओं पर चर्चा की एवं निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, वार्ड पार्षद दिनेश सोनी, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, गोयल सिंह विमल, विनोद गोंड़ के साथ ही बस्तीवासी मनोज यादव, राजेश श्रीवास, सम्पत यादव, बाबूलाल बरेठ, शिवकुमारी, आकाश आदि के साथ अन्य बस्तीवासी उपस्थित थे।